शारीरिक शिक्षा खेलकूद विभाग, छलेसर परिसर, आगरा

डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती :– आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

डा0 अखिलेश चन्द्र सक्सैना
निदेशक
शा0शि0 खेलकूद विभाग
Email :- dr.acsaxena1@gmail.com
Mob :- +91 9897328756

पत्रांक संख्या : शा0शि0 खेलकूद / 119 / 2023–24
दिनांक : 28 / 05 / 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा।

महोदय / महोदया

आप को अवगत कराना है कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 का खेलकूद कलेण्डर शीघ्र ही जारी किया जायेगा। विगत वर्षो की भॉति डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का कलेण्डर जारी करने के कम में निम्नलिखित वांछित सूचनायें अविलम्ब 15.06.2024 तक निदेशक शारीरिक शिक्षा खेलकूद सचिव डा0 अखिलेश चन्द्र सक्सैना ई–मेल आई0डी0– dr.acsaxena1@gmail.com या रजिस्टर डाक द्वारा आपेक्षित हैः–

1. आप अपने महाविद्यालय में किस खेल की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता कराना चाहते है। पूर्व वर्षो में आप के महाविद्यालय द्वारा कौन–कौन सी प्रतियोगितायें आयोजित कराई गयी है, कृपया प्रतियोगिताओं के नाम सहित सूचनायें देने का कष्ट करें।
2. जिस खेल की अंतर महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता कराना चाहते है, उसका मैदान / खेल उपकरणों की सूची मय छायाचित्र खेलकूद विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ यह भी सूचित करना है, कि जिन महाविद्यालयों / टीम मैनेजरों को विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम धनराशि प्रदान की गयी है जिनका समायोजन अब तक नहीं कराया गया है वह अग्रिमों का समायोजन शीघ्र से शीघ्र कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति सत्र 2024–25 में ऐसे महाविद्यालय को खेलों का आंवटन करना संभव नही होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रबंधन की होगी।
3. आपके महाविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त / विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शारीरिक शिक्षक तैनात है, कृपया नाम एवं सम्पर्क सूत्र प्रदान करने का कष्ट करें।

4. सत्र 2009 से 2023 तक अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्राचार्य के नाम तथा आपके महाविद्यालय में कार्यरत यदि किसी शिक्षक को अग्रिम धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत की गयी है (अखिल भारतीय/उत्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में टीम मैनेजर/प्रशिक्षक के रूप में) जिसके सम्बन्ध में शासन द्वारा बार–बार इनके समायोजन के लिये कार्यवाही किये जाने/आपत्ति के निराकरण हेतु कठोर कार्यवाही के आदेश प्राप्त चुके है। लेखा विभाग एवं खेलकूद विभाग द्वारा भी उक्त के समायोजन हेतु **पत्रांक संख्या : प्रशा0/2027/2023 दिनांक 22.09.2023** तथा **पत्रांक संख्याः शा0 शि0 खेलकूद/45/2023–24 दिनांक 27.12.2023/ पत्रांक संख्याः शा0 शि0 खेलकूद/18/2023–24 दिनांक 16.05.2024** द्वारा अवगत कराया गया है। नियमानुसार अस्थाई अग्रिमों का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहिये जबकि कई महाविद्यालय/ टीम मैनेजर/प्रशिक्षक द्वारा अद्यतन नहीं कराया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके अधीनस्थ कार्यरत ऐसे शिक्षको का संज्ञान लेने एवं अग्रिमों के समायोजन हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे ऑडिट आपत्ति बचा जा सके।

मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि उक्त का संज्ञान लेते हुये अग्रिमों का समायोजन उपरान्त विश्वविद्यालय प्रशासन/शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

सादर प्रेषित।

28/05/24

डा0 अखिलेश चन्द्र सक्सैना
निदेशक
शा0 शिक्षा एवं खेलकूद विभाग

डा. ए0 सी0 सक्सैना
खेलकूद अधिकारी / निदेशक
शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग
डा. बी. आर ए. वि. वि., आगरा